**प्रेस नोट** **दिनांक 09.08.2026**

**एक चोर गिरफ्तार कब्जे से चोरी की 2 अदद बैट्री एवं नगदी बरामद-**

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री कमलेश बहादुर के निर्देशन अपराध/अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार के पर्यवेक्षण तथा श्री क्षेत्राधिकारी मुहम्मदाबाद गोहना के कुशल नेतृत्व में दिनांक 09.08.2026 को थाना मुहम्मदाबाद गोहना पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर जमालपुर पेट्रोलपम्प के बाउण्ड्री के पास से मु0अ0सं0-273/2026 धारा 303(2), 317(2) बीएनएस थाना मु0बाद गोहना जनपद मऊ से संबंधित अभियुक्त दिलीप कुमार पुत्र शिवकुमार, निवासी प्रधानपुर, थाना मुहम्मदाबाद गोहना, जनपद मऊ, उम्र करीब 18 वर्ष के कब्जे से 02 अदद बैट्री तथा पास से चोरी का माल बेचकर प्राप्त ₹1,900 रुपये नगद बरामद कर गिरफ्तार किया गया तथा चालान न्यायाल किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण :**

1. **प्रकाश में** दिलीप कुमार पुत्र शिवकुमार, निवासी प्रधानपुर, थाना मुहम्मदाबाद गोहना, जनपद मऊ, उम्र करीब 18 वर्ष

**बरामदगी :**

- पैंट की जेब से चोरी का माल बेचकर पाप्त 1900 रूपये नगद बरामद।
- दो अदद ट्रेलर ट्रक की बैटरी

**अपराधिक इतिहास :**

- मु0अ0सं0-273/2026 धारा 303(2) बीएनएस में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गयी।
- मु0अ0सं0-190/2026 धारा 305, 331(4) बीएनएस में भी धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गयी।

**गिरफ्तारी का दिनांक व समय -**

दिनांक 09.08.2026 स्थान- जमालपुर पेट्रोलपम्प के बाउण्ड्री के पास से

**थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा मुंशीपुरा क्षेत्र में "एक मंच से बहु - बेटी को जागरूक" करने के लिये 'बहू-बेटी सम्मेलन' का किया गया आयोजन-**

पुलिस अधीक्षक जनपद मऊ श्री कमलेश बहादुर के निर्देशन में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण हेतु चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक जनपद मऊ श्री अनूप कुमार के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी नगर श्री नितेश प्रताप सिंह के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक प्रमेन्द्र कुमार सिंह के नेतृत्व में आज दिनांक 09.08.2026 को थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा भाई का ट्यूबवेल मुंशीपुरा क्षेत्र, मऊ में 'बहू-बेटी सम्मेलन' का आयोजन किया गया।

सम्मेलन के दौरान उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा, आत्मरक्षा, साइबर अपराधों से बचाव, घरेलू हिंसा, दहेज प्रतिषेध, बाल विवाह निषेध, महिला एवं बाल अधिकारों तथा शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही महिला हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112, महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 एवं साइबर हेल्पलाइन 1930 के बारे में जानकारी देते हुए किसी भी प्रकार की आपात स्थिति या उत्पीड़न की दशा में तत्काल पुलिस से संपर्क करने के लिए प्रेरित किया गया।

इस अवसर पर महिलाओं एवं बालिकाओं की समस्याओं को सुना गया तथा उनका त्वरित एवं विधिसम्मत निस्तारण कराने का आश्वासन दिया गया। साथ ही उन्हें साइबर ठगी, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग तथा महिला सुरक्षा से संबंधित कानूनों के प्रति जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में उपनिरीक्षक तृप्ति पाण्डेय , महिला आरक्षीगण रूचि सिंह, जया यादव , प्रीती , उपस्थित रही। सम्मेलन में बड़ी संख्या में महिलाओं एवं बालिकाओं ने सहभागिता कर महिला सुरक्षा एवं जागरूकता संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की।

**थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा CEIR पोर्टल के माध्यम से 11 गुमशुदा स्मार्ट मोबाइल फोन, कीमत करीब 2,10,000/- रुपये बरामद कर कराया गया वापस -**

पुलिस अधीक्षक जनपद मऊ श्री कमलेश बहादुर के आदेश के अनुपालन में जनपद में चलाये जा रहे साइबर अपराध/साइबर फ्रॉड अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक जनपद मऊ श्री अनूप

कुमार के निर्देशन में , क्षेत्राधिकारी नगर श्री नितेश प्रताप सिंह के कुशल पर्यवेक्षण में एवं प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर प्रमेन्द्र कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा गुमशुदा एवं चोरी हुए मोबाइल फोन की बरामदगी हेतु लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है।

इसी क्रम में CEIR (Central Equipment Identity Register) पोर्टल पर प्राप्त विभिन्न शिकायतों के आधार पर थाना कोतवाली नगर पुलिस की साइबर टीम द्वारा तकनीकी माध्यम से गुमशुदा मोबाइल फोनों की लगातार निगरानी एवं खोजबीन की गयी। पुलिस टीम के अथक प्रयास से कुल 11 अदद गुमशुदा स्मार्ट मोबाइल फोन, जिनकी अनुमानित कुल कीमत करीब 2,10,000/- रुपये है, बरामद किये गये। आज दिनांक 09.08.2026 को बरामद किये गये मोबाइल फोन के सम्बन्ध में आवश्यक सत्यापन एवं विधिक कार्यवाही पूर्ण करने के उपरान्त उनके वास्तविक स्वामियों की पहचान कर उपस्थित आये 09 स्वामियों को उनके मोबाइल फोन सुपुर्द किये गये। अपना गुम मोबाइल फोन वापस पाकर मोबाइल स्वामियों द्वारा थाना कोतवाली नगर पुलिस एवं साइबर टीम की कार्यवाही की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया गया।

- **बरामदगी का विवरण –**

  कुल 11 अदद गुमशुदा स्मार्ट मोबाइल फोन।
  अनुमानित कुल कीमत – करीब 2,10,000/- रुपये।
  बरामदगी का माध्यम – CEIR पोर्टल।

- **कार्यवाही** –

  CEIR पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के आधार पर तकनीकी माध्यम से गुमशुदा मोबाइल फोन की खोज एवं बरामदगी की गयी तथा आवश्यक सत्यापन के पश्चात सभी मोबाइल फोन उनके वास्तविक स्वामियों को सुपुर्द किये गये।

**थाना मुहम्मदाबाद जनपद मऊ साइबर पुलिस टीम द्वारा गुम/खोये हुए कुल 01 अदद मोबाइल फोन कीमत लगभग 18999/- वापस कराया गया-**

पुलिस अधीक्षक जनपद मऊ श्री कमलेश बहादुर के निर्देशन में द्वारा गुम हुए मोबाइल फोन की बरामदगी के उद्देश्य से चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्री अनूप कुमार के कुशल पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी घोसी श्री जितेन्द्र सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना मुहम्मदाबाद पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 09.08.2026 को गुम हुए 01 अदद मोबाइल फोन पीडित/आवेदक सूरज भारद्वाज पुत्र देवनाथ भारद्वाज निवासी मोलना थाना मुहम्मदाबाद जनपद मऊ (कीमती

लगभग- 18999/- रुपये) को सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से बरामद कर उसके मालिक तस्दीक कर सुपुर्द किया गया।

मऊ पुलिस आमजन से अपील करती है किं मोबाइल फोन गुम होने की स्थिति में तत्काल CEIR पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराये अथवा साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर सम्पर्क करें जिससे त्वरित कार्यवाही कर गुमशुदा मोबाइल की बरामदगी सुनिश्चित की जा सके।

**पुलिस अधीक्षक मऊ श्री कमलेश बहादुर के निर्देशन में आज दिनांक 09.08.2026 को जनपद मऊ के समस्त थाना क्षेत्रान्तर्गत संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनो व यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध व्यापक चेकिंग अभियान चलाया गया-**

**इस अभियान के अंतर्गत 29 टीम गठित कर जनपद के 36 स्थानों पर बदल बदलकर लगभग 1100 सदिग्ध वाहनो/व्यक्तियो को चेक किया गया जिसमें यातायात के नियमों का पालन न करने पर 328 वाहनों को विभिन्न धाराओ में चालान किया गया साथ ही साथ अन्य लोगों को हिदायत भी दी गयी तथा यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु वाहन चालकों को नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया।**

**पुलिस अधीक्षक मऊ द्वारा आमजन से अपील की गई है कि वे यातायात नियमों का पालन करें, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें एवं गलत स्थानो पर पार्किंग नही करे तथा सुरक्षित यातायात में सहयोग प्रदान करें।**

आवश्यक सूचना–

सर्वसंबंधित को सूचित किया जाता है कि कल दिनांक 10.08.2026 को प्रात: 9 बजे पुलिस लाइन जनपद मऊ के सभागार में 14 व 15 वर्ष तक की समस्त लड़कियों के लिए एचपीवी (HPV) टीकाकरण (सर्वाइकल कैंसर से बचाव) शिविर का आयोजन किया गया है।

अपील:– सभी संबंधित लोग अपनी बेटियों के उत्तम स्वास्थ्य एवं सुरक्षित भविष्य के लिए टीकाकरण कराने के लिए अवश्य उपस्थित हो।

श्रावण मास व कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक मऊ श्री कमलेश बहादुर द्वारा ड्यूटी व रूट व्यवस्था को चेक किया गया -

श्रावण मास और कांवड़ यात्रा को सकुशल, सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक मऊ श्री कमलेश बहादुर द्वारा जनपद में स्थापित विभिन्न सुरक्षा प्वाइंट्स, ड्यूटी प्वाइंट्स एवं कांवड़ मार्गों का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान महोदय ने कांवड़ यात्रा मार्ग पर तैनात समस्त पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति, सतर्कता तथा ड्यूटी प्वाइंट्स को गहनता से चेक किया। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों के कार्यों एवं व्यवस्था में अब तक हासिल की गई उपलब्धियों की समीक्षा की और सभी को कांवड़ियों के आवागमन को सुरक्षित बनाने के लिए निर्धारित रूट डायवर्जन और संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों पर पैनी नजर रखने और कांवड़ मार्गों पर नियमित गश्त सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

आज दिनाँक 09.08.2026 को आगामी त्यौहार व श्रावण मास को लेकर जनपद में शान्ति/सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत सायंकाल पुलिस अधीक्षक मऊ श्री कमलेश बहादुर,अपर पुलिस अधीक्षक श्री अनूप कुमार,क्षेत्राधिकारी नगर श्री नितेश प्रताप सिंह , प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर व थानाध्यक्ष दक्षिण टोला भारी संख्या में पुलिस बल के साथ मऊ के शीतला माता मन्दिर में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया साथ साथ त्यौहार को लेकर मन्दिर के पुजारियों से बात-चीत कर स्थितियों के बारे जानकारी ली गयी तथा मन्दिर में आने वाली  महिलाओ/लड़कियों कि सुरक्षा आदि के संबंध में सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये ।*